


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 31 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 183 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# मंगल को अमंगल

## मंदिर में भगदड़, 8 महिलाओं सहित 9 की मौत, कई घायल

**● मृतकों के परिजनों के लिए कुल 8 लाख रुपये मुआवजे का एलान, घायलों को 50 हजार**



**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला अष्टमी के अवसर पर शीतला माता मंदिर में भीषण भगदड़ मच गई, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 8 महिलाएं शामिल हैं, जिनकी भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक पुरुष ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। बाकी घायलों को इलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे (Nalanda Stampede) के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मंदिर और मेला को बंद करा दिया है तथा स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास जारी हैं। इस हादसे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की ओर मृतकों के परिजनों के लिए कुल 8 लाख रुपये मुआवजे का एलान किया है। वहीं, घायलों के लिए केंद्र सरकार ने 50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की। जबकि राज्य सरकार ने घायलों का पूरा इलाज कराने की घोषणा की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दर्शन की जल्दी में धक्का-मुक्की शुरू हो गई और अफरातफरी के बीच कई लोग भीड़ में दब गए। हादसे में कई श्रद्धालु घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद प्रशासन ने मंदिर और मेला दोनों को बंद करवा दिया है।

### पीएम और सीएम ने जताया शोक

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शीतला मंदिर हादसे पर शोक जताया और मृतकों के लिए मुआवजे की घोषणा की। मृतकों को राज्य आपदा प्रबंधन विभाग से 4 लाख रुपये और मुख्यमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपये (कुल 6 लाख रुपये प्रति व्यक्ति) की सहायता राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने भी शोक जताया और केंद्र सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजा देने का एलान किया है।

## भारी भरकम ट्रक ने कुचल दी तीन जिन्दगी



**● हादसे में मां-बेटे और भतीजे की मौत घटना के बाद भाग निकला ट्रेलर चालक**

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर जिले के अहरौरा-जमुई मार्ग पर रोशनहर के पास मंगलवार की सुबह बाइक से दवा लेने जा रहे मां, बेटे और भतीजे की तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। 100 मीटर तक बाइक ट्रेलर में फंस कर घिसटती रही। जिससे सड़क खून से लाल हो गई। शवों के चिथड़े उड़ गए। वहीं सड़क पर खौफनाक मंजर देख लोगों का दिल कांप उठा। परिवार के तीन लोगों की मौत की घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने शव सड़क पर ही रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों को समझाने में जुटी रही। अहिरुपुर सोनपुर निवासी अशोक बिंद की पत्नी वेदवती देवी उनका पांच वर्षीय पुत्र अनमोल बिंद तथा भतीजा अनुराग बाइक से घाटमपुर गांव के पास दवा लेने जा रहे थे। रोशनहर के पास पहुंचे कि तभी तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को रौंद दिया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग तथा ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने अहरौरा-जमुई मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया और कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस किसी तरह ग्रामीणों को समझाने मनाने का प्रयास करती रही। ट्रेलर चालक के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया जा रहा है।

## टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने थामा भाजपा का दामन



नई दिल्ली। लिएंडर पेस ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले उनका यह कदम राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। पेस भारत के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और भाजपा नेता सुकांत मजुमदार भी मौजूद रहे। पेस का पार्टी में शामिल होना पश्चिम बंगाल की राजनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। फिलहाल पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल गर्म होता जा रहा है और सभी राजनीतिक दल अपनी रणनीति मजबूत करने में जुटे हैं।

## असम चुनाव : भाजपा के घोषणा पत्र में बड़े-बड़े वादे

### महिलाओं को 3000 महीना, दो लाख नई नौकरियां, हर जिले में एक कालेज

**● लव जिहाद के खिलाफ कठोर कदम उठाने का भी भरोसा दिया**



गुवाहाटी। असम विधानसभा चुनाव 2026 से पहले हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाजपा का घोषणापत्र गुवाहाटी में जारी किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया भी मौजूद थे। घोषणापत्र में 31 प्रमुख वादों को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा असम को सबसे उज्ज्वल राज्य बनाने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने यूनिफॉर्म सिविल कोड (UCC) लागू करने और कथित लव जिहाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने का वादा किया। घोषणापत्र के अनुसार, महिलाओं के लिए ओरुनोडोई योजना के तहत मासिक सहायता राशि 1,250 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये की जाएगी। इसके अलावा, लाखपती दीदी योजना के तहत 40 लाख महिलाओं को 25,000 रुपये की वित्तीय सहायता देने का वादा किया गया है। अगले पांच वर्षों में 2 लाख नई नौकरियां प्रदान की जाएंगी। हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज, एक विश्वविद्यालय और एक इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित करने का भी लक्ष्य रखा गया है। राज्य को बाढ़ मुक्त बनाने के लिए 18,000 करोड़ रुपये की परियोजना शुरू करने का भी वादा किया।

## योगी की मां को अपशब्द कहने वाला मौलाना भेजा गया जेल



**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को अपशब्द कहने वाले बिहार निवासी मौलाना को एसटीएफ गिरफ्तार कर बहराइच पहुंची। कोतवाली नगर में मौलाना के खिलाफ बीते आठ मार्च को विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद मौलाना को जेल भेज दिया है। बिहार के अररिया जिले के जोकीहाट पथराबाड़ी निवासी मौलाना अब्दुल सलीम चतुर्वेदी ने मार्च में एक सभा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को अपशब्द कहे थे। इसको लेकर पूरे प्रदेश में आक्रोश व्याप्त हो गया था। विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक अजीत प्रताप सिंह ने कोतवाली नगर में आठ मार्च को तहरीर देकर मौलाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उसके बाद से मौलाना की तलाश में पुलिस व एसटीएफ की टीम लगी हुई थी।

# जंग की आंच में दहकेगी महंगाई!

## रोजमर्रा के जरूरत की चीजों के दाम बढ़ाने की तैयारी में जुटी कंपनियां



### एलपीजी संकट से 20 हजार छोटे उद्योग बंद

कॉमर्शियल एलपीजी की कमी झेल रहे अधिकांश यूनिट्स ने उत्पादन बंद कर दिया या घटा दिया। करीब 20 हजार कारखाने बंद होने का अनुमान है। गुजरात के राजकोट में 40 से ज्यादा प्लांट बंद हो चुके हैं। मध्यप्रदेश, रायपुर और हैदराबाद में भी कई प्लांट बंद हैं। प्लास्टिक पैकेजिंग निर्माता लंबे समय तक मार्जिन का दबाव नहीं झेल पा रहे। कई यूनिट्स ने पुराने ऑर्डर रद्द कर दिए हैं। उपभोक्ता और खाद्य व्यवसाय अब कुशल कुकिंग सॉल्यूशंस की ओर बढ़ रहे हैं। जो प्रोडक्ट खाना पकाने के समय को 80 प्रतिशत तक कम करते हैं और 60 प्रतिशत गैस बचाते हैं, उनमें डिस्ट्रीब्यूटर्स और एक्सपोर्टर्स की भारी रुचि देखी जा रही है।

**● कॉमर्शियल एलपीजी की कमी के चलते हजारों प्लास्टिक यूनिटों पर लटक गए ताले**

**नई दिल्ली/मुंबई/भोपाल।** सरकार भले ही गैस आपूर्ति को लेकर 'कहीं कोई कमी नहीं है' का ढिंढोरा पीट ले, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि गैस की कमी से न सिर्फ घेरलू बजट लड़खड़ा गया है, बल्कि दूसरे कई उद्योग भी बुरी तरह प्रभावित होकर सुस्त पड़ गए हैं या फिर बंद हो गए हैं। कच्चे तेल और अन्य कच्चे माल की कीमतें बढ़ने से कंपनियां दाम बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। इससे बोतलबंद पानी, नमक, तेल जैसी रोजमर्रा की चीजें, एसी, फ्रिज जैसे कंज्यूमर ड्यूरेबल से लेकर नॉन-सर्जिकल मेडिकल आइटम के दाम बढ़ सकते हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने प्लास्टिक उद्योग की कमर तोड़ दी है। बीते 30 दिनों में कच्चे माल के दाम 50-70 फीसदी तक बढ़ चुके हैं। सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाले प्लास्टिक दाने एलडीपीई के दाम 110 रुपये किलो से 180 रुपए तक पहुंच गए हैं। अन्य पॉलीमर और रॉ मटेरियल भी 30 हजार से 70 हजार रुपए प्रति टन तक वृद्धि हुई है। ऐसे में अप्रैल में प्लास्टिक की कीमतें 50-60 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। प्लास्टिक टंकी व कंटेनर के दाम 30-40 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है। ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सुनील शाह कहते हैं कि प्लास्टिक इंडस्ट्री से 5 लाख लोग जुड़े हैं। संकट बढ़ा तो दो-तीन लाख लोग बेरोजगार हो सकते हैं। हमारी मांग है कि स्थिति सामान्य होने तक प्लास्टिक प्रोडक्ट्स पर 18 प्रतिशत जीएसटी को कम करके 5 प्रतिशत तक लाया जाए। बैंक वर्किंग कैपिटल लिमिट 20प्रतिशत तक बढ़ा दें। इससे कैश फ्लो समस्या हल होगी। इंस्टेंट नूडल्स, जूस, नट्स और प्रोटीन-आधारित स्नैक्स की मांग में 'उल्लेखनीय वृद्धि' हुई है। इस संकट के चलते पेटकोक, कोयले और पैकेजिंग सामग्री की कीमतें एक झटके में बढ़ गई है। इससे सीमेंट इंडस्ट्री पर असर पड़ा है। चॉइस इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के इक्विटी रिसर्च एनालिस्ट आशुतोष मुरारका के अनुसार, इस भू-राजनीतिक संकट से उत्पादन लागत में 150 से 200 प्रति टन की बढ़ोतरी हो सकती है, जो सीधे तौर पर कंपनियों के मुनाफे को चोट पहुंचाएगी।

### सीमेंट उद्योग पर भी संकट

सीमेंट की बोरियों के लिए इस्तेमाल होने वाला पॉलीप्रोपाइलीन सीधे कच्चे तेल से जुड़ा है। इस नुकसान की भरपाई के लिए कंपनियों को कीमतों में 4-5 प्रतिशत की वृद्धि करनी होगी, लेकिन बाजार की मौजूदा स्थिति इसे स्वीकार करने के पक्ष में नहीं दिखती। चौथी तिमाही में कंपनियों ने प्रति बोरी 15-20 रुपए की बढ़ोतरी की, लेकिन अत्यधिक आपूर्ति के कारण बढ़ोतरी वापस लेनी पड़ी।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 31 मार्च, मंगलवार 2026 (3)





**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की, ऐसे मामलों में अभिभावकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना लगाने एवं वाहन का पंजीकरण निलंबित करने का निर्देश दिया।

## आर्मी अफसर बनकर नौकरी का झांसा देने वाला पकड़ा गया

**वाराणसी।** फर्जी आर्मी अफसर बनकर युवाओं से नौकरी लगाए जाने के नाम पर 15 लाख से ज्यादा की धोखाधड़ी करने के आरोपी धर्मेंद्र कुमार पांडेय को एसटीएफ वाराणसी यूनिट और भेलूपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल, दो आईडी कार्ड मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस, तीन पैन कार्ड, तीन आधार कार्ड, दो ड्राइविंग लाइसेंस, तीन डेबिट कार्ड, दो अंक पत्र, एक शैक्षिक प्रमाण पत्र बरामद किया है। चंदौली के अलीनगर थाना क्षेत्र के कैली गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार पांडेय इन दिनों भेलूपुर थाना क्षेत्र के बृजएंक्लेव कॉलोनी में रह रहा था। कई लोगों से आरोपी सेना में नौकरी दिलाने का झांसा देकर रकम ले चुका है। किसी से पांच लाख तो किसी से 10 लाख और दो लाख तो कई लोगों से ले चुका है। आर्मी से मिले इनपुट के आधार पर सक्रिय हुई एसटीएफ ने छानबीन शुरू की। खुद को सेना में कमांडिंग अफसर बताते हुए धर्मेंद्र ने सेना, रेलवे और शिक्षा विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की। एसीपी भेलूपुर गौरव कुमार ने बताया की प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# एमपी के सीएम ने किया बाबा का दर्शन

## कहा-राज्यों में प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग और सौहार्द का समय

● सहयोग सम्मेलन की करेंगे अध्यक्षता, विक्रमोत्सव महानाट्य की तैयारियों को भी परखेंगे



**वाराणसी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मंगलवार की सुबह वाराणसी पहुंचे। उनका यह दौरा एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन की अध्यक्षता करने के लिए है, जिसमें वे तीन अप्रैल को बरेका मैदान में होने वाले विक्रमोत्सव महानाट्य मंचन की तैयारियों का भी अवलोकन करेंगे। इसके अतिरिक्त, वे काशी विश्वनाथ मंदिर में भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। सुबह जब मुख्यमंत्री लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे, तो उनका स्वागत भाजपा नेता शैलेश पांडेय, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', राकेश सचान, गिरीश यादव आदि ने किया। एयरपोर्ट से निकलकर जब वे शहर की ओर बढ़े, तो उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस दौरान उन्होंने वहां दर्शनार्थियों के लिए की गई व्यवस्था की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री का यह दौरा वाराणसी के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर है, बल्कि धार्मिक स्थलों की व्यवस्थाओं को भी सुधारने का एक अवसर है। विक्रमोत्सव का आयोजन वाराणसी में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक घटना है, जो स्थानीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य करेगा। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय व्यवसायों को भी लाभ होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करें ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के दौरान, मुख्यमंत्री ने वहां की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की और कुछ सुधारों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उनका मानना है कि मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव प्रदान करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री का यह दौरा वाराणसी में विकास और सांस्कृतिक समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री मोहन यादव का वाराणसी दौरा न केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय संस्कृति और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है।

## उद्योग व्यापार मंडल व पूर्वांचल विकास मंच का होली-ईद मिलन समारोह



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उद्योग व्यापार मंडल 'काशी' व पूर्वांचल विकास मंच (उ.प्र.) के तत्वावधान में राष्ट्रीय सदभावना भाईचारा एकता व गंगा जमुनी तहजीब के तहत सोमवार को ईद व होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता व संचालन ध्रुवजी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधि सलाहकार अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बनारस बार एसोसिएशन) ने कहा कि संगठन द्वारा होली-ईद मिलन का कार्यक्रम की पहल समाज के लिए अनुकरणीय है। अतिथियों का स्वागत अनिल बिंद व किशन शर्मा तथा अतीक खान सोनू ने किया। कार्यक्रम में मो. आरिफ, आशुतोष शुक्ला, बलदाऊ राणा, जावेद खान, शम्भूनाथ चौरसिया, राकेश सिंह, मनोज वर्मा, मन्नू, बल्ली गुप्ता, विपिन मेहता, बबलू बिंद, दीपक जायसवाल, कृष्णा मुन्ना, दिव्य कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## होली की खुशियां बांटीं ईद की दी मुबारकबाद



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी फर्नीचर व फर्निशिंग व्यापार मंडल द्वारा रविवार को पटेल धर्मशाला, तेलियाबाग में होली व ईद मिलन समारोह आयोजित कर भाईचारे व शांति का संदेश दिया। इस मौके पर व्यापारियों ने होली की खुशियां बांटीं और ईद की मुबारकबाद दी। संगठन के प्रभारी प्रकाश सोनेजा ने सभी आगन्तुकों का सफेद गांधी कलगी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक राजेश अग्रवाल, नरेन्द्र गर्ग, प्रमोद यादव, अजय जायसवाल, डा. यादवेन्द्र सिंह, नवनियुक्त संरक्षक अरूण रस्तोगी, संजय अरोड़ा, दिलीप गुप्ता, अश्विनी जायसवाल, राजकुमार यादव, विजय जायसवाल, अमीन खान, तनवीर सिद्दिकी, राजकुमार, दिनेश खुराना, राजकुमार अग्रवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता, अनिरुद्ध यादव, राजू यादव आदि उपस्थित रहे।

## साहित्यकारों, कलाकारों के हितों की रक्षा के लिए विचार मंथन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** गांधीयन मीडिया ग्रुप तथा भारतीय जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक सोमवार को सायंकाल कैंट स्थित टूरिस्ट बंगलो में सम्पन्न हुई जिसमें मीडियाकर्मी, साहित्यकारों व कलाकारों के हितों की रक्षा के लिए विचार मंथन किया गया। बैठक में साहित्यकार व कवि कुमार हेमंत को एसोसिएशन का राष्ट्रीय सचिव एवं साहित्यकार तथा राष्ट्रवादी कवि चिन्मय चटर्जी 'चिन्मयानंद' को उत्तर प्रदेश का प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष तथा नरेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश का प्रान्तीय सचिव मनोनीत किया गया।

## असम विधानसभा चुनाव के लिए मो. तौफ़ीक़ बनाए गए पर्यवेक्षक



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी निवासी विधानसभा उत्तरी 388 एवं कांग्रेस पार्टी के समर्पित पूर्व जिला चेयरमैन व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव हाजी मोहम्मद तौफ़ीक़ कुरैशी को पार्टी नेतृत्व द्वारा असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए जालुकबाड़ी विधानसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक (Observer) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशानुसार की गई है।

## रोटरी क्लब सेंट्रल ने बिरला हॉस्पिटल में लगायी मोतियाबिंद ऑपरेशन की मशीन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा जरूरतमंदों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु अत्याधुनिक फेंको मशीन लगाई गई। लगभग 30 लाख की लागत की यह मशीन रोटरी ग्लोबल ग्रांट द्वारा वित्त पोषित है जिसे ग्लोबल पार्टनर के रूप में रोटरी क्लब नौवीना, सिंगापुर का वित्तीय सहयोग प्राप्त है। मशीन का उद्घाटन रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ आशुतोष अग्रवाल ने किया। रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल के अध्यक्ष रो राजेश भाटिया ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन क्लब के संयुक्त सचिव रो विवेक अग्रवाल तथा धन्यवाद प्रकाश क्लब के सचिव रो सतीश बजाज ने दिया। धन्यवाद जगदीश झुनझुनवाला ने दिया। इस अवसर पर आर के चौधरी, प्रदीप अग्रवाल, श्याम सुंदर प्रसाद, डॉ अरुण गुप्ता, अवधेश गुप्ता, अविनाश मेहरोत्रा, उदयराज सिंह, ललित गुप्ता एवं रोटरी क्लब के डिस्टिक सेक्रेट्री रो प्रशांत नागर, सहित विभिन्न क्लबो के पदाधिकारियों की सम्मानित उपस्थिति रही।

## चौखम्भा और बुलानाला से निकली शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने किया स्वागत





**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** चौखंबा स्थित गोपाल मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, जयकारों और धार्मिक धुनों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। वहीं दूसरी ओर बुलानाला चौराहे से जैन समाज द्वारा भी एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में सुसज्जित रथ, आकर्षक झांकियां और बैंड-बाजे विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर पूरे मार्ग में धार्मिक उत्साह का प्रदर्शन करते नजर आए। दोनों शोभायात्राओं के दौरान मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। साथ ही शीतल जल और जलपान की भी समुचित व्यवस्था की गई।

## 108 श्रद्धालुओं ने की बैजनाथ धाम व बासुकीनाथ की यात्रा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अग्रसेन सेवा संस्थान द्वारा आयोजित 108 श्रद्धालुओं की पावन धार्मिक यात्रा बाबा बैजनाथ धाम एवं बासुकीनाथ के लिए अत्यंत भव्य, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धा-भक्ति से परिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस दिव्य यात्रा ने सभी प्रतिभागियों के हृदय में आध्यात्मिक ऊर्जा, आनंद और संतोष का संचार किया। श्रद्धालुओं ने बाबा बैजनाथ धाम एवं बासुकीनाथ में विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर अपने एवं समाज के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। संस्थान के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल (आढ़त वाले) ने कहा कि 'अग्रसेन सेवा संस्थान सदैव समाज के आध्यात्मिक उत्थान एवं आपसी एकता को सुदृढ़ करने के लिए इस प्रकार के आयोजनों का संकल्पपूर्वक आयोजन करता रहेगा। यह यात्रा केवल दर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करने का एक प्रयास है।

## नेत्र चिकित्सक डा. ओझा को पितृशोक



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर के जाने-माने नेत्र चिकित्सक डा. आर. के. ओझा के पिता लल्लन ओझा का शनिवार दोपहर अपने निवास स्थान पर निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। पिछले कुछ समय से वे अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनका दाह संस्कार हरिश्चन्द्र घाट पर किया गया, मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र आर.के.ओझा ने दी। शवयात्रा के दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, व्यापारी, पुलिस अधिकारी व प्रोफेसर शामिल रहे। स्व. लल्लन ओझा के दूसरे पुत्र डा. आलोक ओझा नगर के नामचीन न्यूरो सर्जन हैं।

## सिंचाई राजस्व अधिकारी संघ का चुनाव सम्पन्न मृत संवर्ग के पदों को पुनर्जीवित करने की मांग



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वरूणापुरम् सिंचाई कॉलोनी, सिगरा स्थित संघ भवन में सिंचाई राजस्व अधिकारी संघ का रविवार की देर रात मंडल वाराणसी के द्विवार्षिक अधिवेशन व जनपदीय चुनाव सम्पन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता महेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव व संचालन शशिकांत श्रीवास्तव ने की। जनपदीय अधिवेशन में वर्ष 2016 में गठित सातवें वेतन समिति ने सिंचाई उपराजस्व अधिकारी के 45 व जिलेवार 222 आंशिक पदों को मृत संवर्ग घोषित कर नियुक्तियों पर लगी रोक को पुनर्जीवित करते हुए जिलेवार से उपराजस्व अधिकारी पद पर डीपीसी आयोजित कर सेवा नियमावली को संशोधित किए जाने की मांग उत्तर प्रदेश सरकार से की। जनपदीय चुनाव में रविशंकर प्रजापति (उप-राजस्व अधिकारी), नलकूप प्रखंड द्वितीय गाजीपुर को मंडल मंत्री एवं जनपद वाराणसी के चुनाव में संतोष कुमार सिंह (उप राजस्व अधिकारी, लघु डाल नहर प्रखंड) को जिलाध्यक्ष आलोक कुमार दूबे (जिलेदार, लघु डाल नहर प्रखंड) सचिव। इसी प्रकार जौनपुर जनपद का अजय कुमार (उप राजस्व अधिकारी, सिंचाई खंड जौनपुर), जय प्रकाश (जिलेदार सिंचाई खंड, जौनपुर) को जिला सचिव पद पर सर्वसम्मति से चयनित किया गया। चुनाव प्रदेश महामंत्री हरेश्वर शर्मा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने सम्पन्न कराया।

## हनुमान ध्वजा प्रभातफेरी : ध्वजा अर्पित कर श्रद्धालुओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति वाराणसी के तत्वाधान में 15 दिवसीय हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी के आज संस्थापक अध्यक्ष कौशल शर्मा ने आज के मुख्य अतिथि डॉ संजीव अग्रवाल, रत्नेश वर्मा, प्रेम सिंह सम्मान किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा हनुमान प्रभु के रथ पर विराजमान हनुमान प्रभु के विग्रह के समक्ष ज्योत प्रज्वलित करके हनुमानजी की आरती की गई। और सभी भक्तों में लाल ध्वजा लगभग 121 भक्तों में ध्वजा वितरण की गई एवं 41 महिला भक्तों को आरती की थाली प्रदान की गई। यह यात्रा गुरुधाम रविंद्रपुरी दुर्गाकुंड त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर तक गयी। जहां हनुमान जी के चरणों में लाल ध्वजा अर्पित किया गया और महिला भक्तों द्वारा आरती किया गया। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ व आरती हुई। आयोजन में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कौशल शर्मा, सचिव कृष्ण गोपाल तुलस्यान, सुरेश तुलस्यान एवं तारा शर्मा, मेघा शर्मा, अशोक कोठारी, कृष्ण कुमार काबरा, अजय गट्टानी, गिरिराज कोठारी, राधेश्याम चांडक, अनंत अग्रवाल, मनीष मैरोलिया, अभय अग्रवाल आदि शामिल रहे।

## आज बंद रहीं नॉनवेज की दुकानें

**वाराणसी।** नगर निगम क्षेत्र में मंगलवार को मीट-मछली और मांस की दुकानें बंद रहीं। इस संबंध में नगर निगम ने कल ही कड़े निर्देश जारी किए थे। महावीर जयंती को देखते हुए यह आदेश जारी किया गया। शासन ने तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक (महावीर जयंती) के दिन धार्मिक भावनाओं के सम्मान और शहर में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रदेश के सभी पशुवधशालाओं में पशु वध पर मंगलवार को रोक लगा दी।






**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## मीरजापुर समाचार

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में विन्ध्यमाउण्ट इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने गीत संगीत तथा नाटक से उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुग्ध किया




**मीरजापुर।** प्रतिभा का सम्मान समाज का अभियान 2026 के सांस्कृतिक कार्यक्रम में विन्ध्यमाउण्ट इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने अपने गीत संगीत तथा नाटक से उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। जनपद के सीटी क्लब में विन्ध्यमाउण्ट द्विभाषी समाचार के वार्षिक उत्सव में विन्ध्यमाउण्ट इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने अपना जल्वा बिखेरा। मुख्य अतिथि प्रदेश के दर्ज़ा प्राप्त मंत्री सोहन लाल श्रीमाली ने कहा कि इस कार्यक्रम में बच्चों के अन्दर प्रतिभा एवं संस्कार प्रदर्शित हो रहा है। मैं अत्यंत आह्लादित हुआ क्योंकि मुझे रत्न मानकर सम्मानित किया गया। श्रीमाली ने कहा कि मैं यह अवश्य प्रयास करुंगा कि मैं एक रत्न बनूं। भाजपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज ने कहा कि भगवान राम हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है हम सबको इन बच्चों से प्रेरणा लेकर उनके बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में विन्ध्य रत्न विन्ध्यगौरव,विन्ध्यविद्या तथा विन्ध्य प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया जिसमें बिन्दु दीदी, उर्मिला श्रीवास्तव, योगानंद गिरीं, गणेश अवस्थी नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी को सम्मानित किया गया है। विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीमा सिंह ने किया आगत अतिथियों का स्वागत विन्ध्यमाउण्ट के सम्पादक विजय दुबे ने किया।

## बलिया समाचार

**आत्महत्या को प्रेरित कर शव छिपाने के मामले में सास गिरफ्तार**

**बांसडीह।** आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने तथा साक्ष्य शव को छिपाने के मामले में पुलिस ने आरोपी सास को गिरफ्तार किया। कोतवाल प्रवीण सिंह ने कहा कि दो फरवरी को गोविंदा सिंह ने तहरीर दिया कि मेरी बहन रिंकू सिंह की शादी करीब 10 वर्ष पहले चन्दन सिंह निवासी टोलापुर बाजार सुल्तानपुर बांसडीह के साथ हुआ था।

मेरी बहन के साथ ससुरालजनों द्वारा आये दिन मारपीट गाली-गालौज करते हुए प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे क्षुब्ध होकर एक फरवरी की शाम को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

बहन के सास-ससुर तथा दोनों ननद द्वारा गांव के कुछ अन्य अज्ञात लोगों के साथ मिलकर शव को छिपाने के लिए सुल्तानपुर घाघरा नदी में प्रवाहित कर दिया गया।

## मऊ समाचार

### सुषमा यादव ने पांचवें प्रयास में यूपी पीसीएस में पाई 13वीं रैंक, बनेंगी एसडीएम



**मऊ।** कोपागंज ब्लॉक क्षेत्र के इंदारा गांव निवासी पूर्व विधायक स्व. कपिलदेव यादव की पौत्रवधु सुषमा यादव ने पांचवें प्रयास में यूपी पीसीएस में 13वीं रैंक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। वह एसडीएम बनेंगी। सुषमा के परिवार की पृष्ठभूमि राजनीति से जुड़ी रही है, लेकिन उन्होंने राजनीति से हटकर एक अधिकारी बनने का सपना देखा। सुषमा यादव ने बताया कि पढ़ाई के दिनों में आयोजित एक कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी आए थे। उनसे प्रभावित होकर उन्होंने पीसीएस अधिकारी बनने का संकल्प लिया। लॉकडाउन के दौरान उन्हें पढ़ाई के लिए अच्छा समय मिल गया। उसी दौरान सीनियर की सहायता से पढ़ाई शुरू की और एसडीएम बनने का सपना देखा। परिवार राजनीति से जुड़ा होने के बावजूद उनका सपना स्वयं के दम पर कुछ करने का था। उन्होंने घर पर ही सेल्फ स्टडी की। लगातार चार बार की असफलता के बावजूद निराश नहीं हुईं। पांचवें प्रयास में यूपी पीसीएस में 13वीं रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की। सुषमा यादव की शादी पूर्व विधायक स्वर्गीय कपिलदेव यादव के पौत्र पंकज यादव से वर्ष 2022 में हुई थी। उनके पति पंकज यादव कॉलेज संचालक हैं। सुषमा यादव ने वर्ष 2018 में पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद एमएससी और एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद वर्ष 2021 से यूपी पीसीएस की तैयारी में जुट गईं।

## देवरिया समाचार

**सिकटिया गांव के नोहर छपरा में मिला शव, पहचान के प्रयास में जुटी पुलिस**

**देवरिया।** जिले के सिकटिया गांव के नोहर छपरा में सोमवार को करीब 60 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर श्रीरामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार, सुबह कुछ लोगों ने गांव के पास एक शव पड़ा देखा।

खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार, शव के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज या सामान नहीं मिला।

## चंदौली समाचार

### चंदौली के एसपी आदित्य लांग्हे का तबादला, आकाश पटेल बने नए कप्तान



**चंदौली।** उत्तर प्रदेश में सोमवार को बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 27 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए। इसी क्रम में चंदौली के पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे का तबादला फिरोजाबाद कर दिया गया है। वहीं वाराणसी में तैनात अपर पुलिस उपायुक्त आकाश पटेल को चंदौली का नया एसपी नियुक्त किया गया है। नवागत एसपी आकाश पटेल वर्ष 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और मूल रूप से जनपद फतेहपुर के निवासी हैं। उनका जन्म 18 जून 1991 है। वह 30 जनवरी 2024 से वाराणसी में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर कार्यरत थे। 35 वर्षीय आकाश पटेल ने हिंदी साहित्य में परास्नातक की डिग्री प्राप्त की है और अब उन्हें चंदौली जिले की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में बढ़ते अपराध को नियंत्रित करना नए एसपी के लिए सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है। हाल के वर्षों में चंदौली में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि देखी गई है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल भी उठे हैं। वहीं निवर्तमान एसपी आदित्य लांग्हे ने 25 जून 2024 को चंदौली का कार्यभार संभाला था। उनके करीब एक वर्ष नौ माह के कार्यकाल में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के निलंबन की कार्रवाई चर्चा में रही। हालांकि इस दौरान जिले में कई गंभीर आपराधिक घटनाएं भी सामने आईं।

## जौनपुर समाचार

**केंद्रीय विद्यालय में कक्षा एक में प्रवेश की अंतिम तिथि 2 अप्रैल**

**करंजाकला।** क्षेत्र के पयागपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कक्षा एक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 2 अप्रैल निर्धारित की गई है। कक्षा एक की 40 सीटों के लिए 150 आवेदन आए हैं। वर्तमान में यह विद्यालय अस्थायी रूप से जीजीआईसी परिसर में संचालित हो रहा है। यहीं पर कक्षाएं चल रही हैं। पिछले शैक्षणिक सत्र में विद्यालय में करीब साढ़े चार सौ सीटों पर प्रवेश हुआ था, जबकि इस बार चरणबद्ध तरीके से कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया लिया जा रहा है। प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पहले चरण में कक्षा एक के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। जबकि इस सत्र में कक्षा छह में भी प्रवेश की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 2 अप्रैल के बाद प्रवेश के दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होगी।

## प्रयागराज समाचार

### रिटायरमेंट के दिन ही बेटे के एसडीएम बनने की खबर से आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े



**प्रयागराज।** यह एक ऐसी कहानी है, जहां संघर्ष, जिम्मेदारियां और मां के त्याग ने मिलकर सफलता की नई इबारत लिख दी। राजकीय इंटर कॉलेज की अध्यापिका वंदना पांडेय के जीवन का सबसे भावुक दिन वह रहा, जब रिटायरमेंट के दिन सोमवार को ही उन्हें अपने बेटे आयुष के एसडीएम बनने की खबर मिली। जैसे ही उन्हें यह सूचना मिली, उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। यह कहानी सिर्फ एक सफलता की नहीं, बल्कि एक मां के अटूट साहस, त्याग और विश्वास की है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा रविवार देर रात घोषित पीसीएस 2024 के अंतिम परिणाम में शहर के बालसन चौराहा स्थित बिहार कुंज कॉलोनी निवासी आयुष पांडेय ने 10 वीं रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन उपजिलाधिकारी (एसडीएम) पद पर हुआ है। लेकिन इस सफलता के पीछे एक लंबा संघर्ष छिपा है। मूल रूप से अमेठी जिले के विशेषरगंज क्षेत्र के देहरा पांडे का पुरवा गांव की रहने वाली वंदना पांडेय के जीवन में वर्ष 2010 सबसे कठिन साबित हुआ। उनके पति सीएम पांडेय, जो डीआरडीए में परियोजना निदेशक थे, एक सड़क दुर्घटना में चल बसे। उस समय बड़ा बेटा आयुष (शिवम) मात्र 14 वर्ष का था और आठवीं कक्षा में पढ़ रहा था, जबकि छोटा बेटा पीयूष भी स्कूली शिक्षा में था। पति की असमय मृत्यु के बाद वंदना पांडेय पर परिवार और बच्चों की पूरी जिम्मेदारी आ गई। प्रतापगढ़ से प्रयागराज स्थानांतरण के बाद उन्होंने नौकरी के साथ-साथ मां और पिता दोनों की भूमिका निभाई। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने दोनों बेटों को न सिर्फ शिक्षित किया, बल्कि उनमें संस्कार और संघर्ष की ताकत भी भरी। बड़े बेटे आयुष पांडेय ने इंटर के बाद गाजियाबाद से बीटेक की पढ़ाई की और फिर दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की। छोटे बेटे पीयूष ने भी अपनी मेहनत से रेलवे में इंजीनियर पद हासिल कर परिवार को सहारा दिया। वंदना पांडेय का सपना था कि उनका बेटा प्रशासनिक सेवा में जाए।

## भदोही समाचार

**पीडब्ल्यूडी नियमित कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने धर्मराज**

**ज्ञानपुर।** वेदपुर निवासी धर्मराज यादव को पीडब्ल्यूडी नियमित कर्मचारी संघ उप्र का प्रदेश उपाध्याय बनाया गया है। रविवार को लखनऊ के विश्व सरैया हॉल में आयोजित दो दिवसीय अधिवेशन में उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी में जगह मिलने के बाद जिले में कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद जनपद लौटने पर कर्मचारियों ने माला-फूल पहनाकर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि वे कर्मचारियों के हक और अधिकारों को लगातार उठाते रहे हैं और आगे भी उठाते रहेंगे। कर्मचारियों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बताया कि अधिवेशन में यह तय हुआ कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती, तब तक कर्मचारी संगठन आंदोलन को जारी रखेगा और आगे आंदोलन को और तेज करेगा।

## आजमगढ़ समाचार

### अब गोंडा से चलेगी गोदान एक्सप्रेस, 15 मई तक लागू रहेगा नया रूट




**आजमगढ़।** पूर्वोत्तर रेलवे ने घोषणा की है कि गोदान एक्सप्रेस (11055 / 11056) 15 मई तक गोरखपुर के बजाय गोंडा से चलेगी। यह ट्रेन अब गोंडा से बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर और आजमगढ़ होते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनल (मुंबई) पहुंचेगी। पूर्वोत्तर रेलवे जनसंपर्क अधिकारी आशिक कुमार ने बताया कि डाउन ट्रेन (11055) 15 मई तक गोंडा तक चलाई जाएगी, जबकि अप ट्रेन (11056) 17 मई तक गोंडा से चलेगी। रेलवे बोर्ड के इस निर्णय से ना केवल आजमगढ़ बल्कि गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद और लखनऊ के यात्रियों को मुंबई जाने में सुविधा होगी। पूर्वोत्तर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य शाह आलम कुरैशी ने बताया कि गोरखपुर रेलवे स्टेशन के नवनिर्माण कार्यो के चलते कई ट्रेनों का विस्तार किया गया है। इससे पूर्व गोरखपुर से चलने वाली गोदान एक्सप्रेस अब गोंडा से संचालित होगी। इससे पहले यह ट्रेन गोरखपुर से देवरिया, आजमगढ़, जौनपुर, प्रयागराज, सतना होते हुए मुंबई जाती थी।

## सुल्तानपुर समाचार

**बदले गए नौ इंस्पेक्टर व नौ उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र**


**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने नौ इंस्पेक्टरों व अन्य नौ उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। संबंधित पुलिस अधिकारियों को नवीन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है। रविवार को जारी आदेश में बल्दीराय थाने के अपराध निरीक्षक राजेश कुमार सिंह को वाचक पुलिस अधीक्षक, एसओजी प्रभारी धीरेंद्र कुमार वर्मा को अखंडनगर थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

बल्दीराय थाने के प्रभारी निरीक्षक नारदमुनि सिंह को दोस्तपुर व मोतिगरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह को प्रभारी चुनाव सेल व एंटी भू माफिया सेल की जिम्मेदारी दी गई है।

दोस्तपुर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार सिंह को मोतिगरपुर व गोसाईंगंज थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय को बल्दीराय थानाध्यक्ष बनाया गया है।

## सोनभद्र समाचार

### किसान की बेटी खुशबू रानी की 21वीं, खुशबू सोनी की 26वीं और आनंद राज की 22वीं रैंक



**सोनभद्र/घोरावल।** यूपी पीसीएस की परीक्षा में जिले के तीन होनहारों को सफलता मिली है। इनमें घोरावल के दो घोरावल क्षेत्र के हैं। इसके तहत खुशबू रानी असिस्टेंट कमिश्नर (21वीं रैंक), आनंद राज नायब तहसीलदार (22वीं रैंक), खुशबू सोनी (26वीं रैंक) बीडीओ बनेंगी। बच्चों की सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रविवार देर शाम परिणाम घोषित हुए तो घोरावल तहसील क्षेत्र के तिलौली कला गांव निवासी खुशबू रानी गुप्ता के असिस्टेंट कमिश्नर (वाणिज्य कर) के पद पर और केवली गांव निवासी आनंद राज सिंह का नायब तहसीलदार पद पर चयन होने की जानकारी मिली। इसके बात घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। खुशबू रानी के पिता राम गोपाल गुप्ता किसान और माता शांति देवी गृहिणी है।

चार भाई बहनों में खुशबू तीसरे नंबर पर हैं। उनके सबसे बड़े भाई मुकेश गुप्ता सीआरपीएफ में एसआई हैं, दूसरे बड़े भाई मनीष गुप्ता बिजली निगम में चुनार मिर्जापुर में जेई पद पर कार्यरत हैं। खुशबू की इंटर तक की पढ़ाई नवोदय विद्यालय रॉबर्ट्सगंज में हुई है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से बीएससी और प्रयागराज विश्वविद्यालय से एमएससी केमिस्ट्री किया है। इसके बाद समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र अलीगंज लखनऊ में उन्होंने कोचिंग किया है। उनका यह तीसरा प्रयास था। इसके पहले वह दो बार और मेंस दे चुकी हैं। उन्होंने 2025 का मेंस भी दिया है। इसके अलावा समीक्षा अधिकारी पद का रिजल्ट अभी वेटिंग में है। खुशबू रानी ने बताया कि वह अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार माता-पिता, भाइयों, गुरुजनों और अभ्युदय कोचिंग को देती है। उनके माता-पिता ने उन्हें कड़ी मेहनत और समर्पण की सीख दी, वहीं सरकारी नौकरी में कार्यरत दोनों भाइयों से उन्हें पढ़कर ऊंचा मुकाम हासिल करने की प्रेरणा मिली। अभी उनका लक्ष्य आईएएस की परीक्षा क्वालीफाई करना है।

## गाजीपुर समाचार

### रोडवेज बसों के फर्स्ट एड बॉक्स में कहीं बोतल भरी तो कहीं खाली



**गाजीपुर।** अगर आप रोडवेज डिपो की बसों से सफर कर रहे हैं और रास्ते में बीमार पड़ गए, तो आपको प्राथमिक उपचार नहीं मिल पाएगा। रोडवेज डिपो के बेड़े में 89 बसें हैं, लेकिन 40 बसों में फर्स्ट एड बॉक्स नहीं है। जिन बसों में फर्स्ट एड बॉक्स लगे हुए हैं, वे शो-पीस बने हुए हैं। उनमें दवाओं की जगह खाली पानी की बोतल व अन्य सामान रखे हुए हैं। नियमानुसार रोडवेज की हर बस में फर्स्ट एड बॉक्स होना चाहिए। उसके अंदर दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित होनी चाहिए। लेकिन रोडवेज डिपो प्रबंधन नियमों का पालन नहीं कर रहा है। उसे यात्रियों की सुविधा की चिंता नहीं है और वह केवल किराया वसूलने तक ही सीमित रह गया है। रोडवेज डिपो की बसें लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, अकबरपुर, वाराणसी, आजमगढ़, मऊ आदि जनपदों के लिए संचालित होती हैं। गैर-जनपदों के अलावा स्थानीय रूटों पर भी बसों का संचालन किया जाता है। प्रतिदिन करीब 1700 यात्री यात्रा करते हैं। नियमानुसार बसों में यात्रियों के लिए दवाओं से लैस फर्स्ट एड बॉक्स होना बेहद जरूरी है।

## गोरखपुर समाचार

### कामर्शियल सिलेंडर की किल्लत ने बढ़ाई दिक्कत, दुकानदार बोले- रेट बढ़ाना मजबूरी




**गोरखपुर।** चाय पीना अब आम आदमी की जेब पर भारी पड़ने लगा है। शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की भारी किल्लत की वजह से चाय की कीमतों में उछाल आया है। जो चाय कुछ समय पहले 10 रुपए में मिल रही थी, अब ज्यादातर ठेलों और दुकानों पर उसके दाम बढ़कर 15 रुपए हो गए हैं। शहर के गोलघर, गणेश चौक, छात्र संघ चौराहे, जीडीए टॉवर, सिविल लाइंस रोड सहित तमाम जगहों पर चाय की रेट बढ़ गई है। कई जगहों पर दुकानदारों ने बढ़े हुए रेट को लेकर नोटिस भी लगा दिया है।

चाय-नाश्ते की दुकान चलाने वाले दुकानदारों का कहना है कि मार्केट में कमर्शियल सिलेंडर मिल ही नहीं रहा है। अगर कहीं प्राइवेट एजेंसी से सिलेंडर मिल भी रहा है, तो उसके लिए बहुत ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। आरटीओ ऑफिस के पास नाश्ते की दुकान चलाने वाले रवि गुप्ता ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर हमें कहीं से भी नहीं मिल रहा है। एक प्राइवेट एजेंसी से कभी सिलेंडर मिलता भी है तो बहुत ज्यादे रेट में। एक सिलेंडर पर पहले के अपेक्षा 1000 ज्यादा भुगतान करना पड़ता है। इसलिए चाय की रेट बढ़ानी पड़ी है।

उनका कहना है कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने और कमी होने से लागत बढ़ गई है। दूध और चीनी पहले से ही महंगे हैं, अब गैस ने बजट बिगाड़ दिया है। पुराने रेट पर चाय बेचना अब घाटे का सौदा साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि दुकान सबसे ज्यादा चाय की मांग होती है, इसलिए हमने सिर्फ चाय का ही रेट बढ़ाया है। वहीं, विशाल यादव का कहना है कि वे चाय की रेट बढ़ाना नहीं चाहते थे, लेकिन मजबूरी में उन्हें यह फैसला लेना पड़ा। जब ईंधन ही महंगा मिलेगा, तो ग्राहकों को पुरानी कीमत पर चाय देना मुमकिन नहीं है। उन्होंने बताया कि जो सिलेंडर पहले 1800 में मिल जाता था, वह अब 2600 से 2900 तक मिल रहा है, वो भी बड़ी मुश्किल से। इसलिए पिछले 15 दिन से हम रेट बढ़ाकर चाय बेच रहे हैं। हालांकि इससे भी हमें कोई बहुत ज्यादा फायदा नहीं हो रहा है। जब तक कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलेगा तब तक हमें बहुत दिक्कत होगी।

## लाइफ मंत्र

### वैराग्य से कैवल्य तक, जानिए महावीर जी के प्रेरणादायक जीवन की गाथा



महावीर जयंती का पर्व जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज से 599 ईसा पूर्व चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को क्षत्रिय कुल में भगवान महावीर का जन्म हुआ था। राज-सी क्षत्रिय कुल में पिता सिद्धार्थ और माता त्रिशला के घर तीसरी संतान के रूप में वर्धमान ने जन्म लिया था। घर में समस्त भौतिक सुख-सुविधाओं का भंडार होने के बावजूद वर्धमान भगवान महावीर वैराग्य, तपस्या के मार्ग के पथिक बने।

वैराग्य और साधना के प्रबल संस्कारों ने भगवान महावीर को आध्यात्मिक साधना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान की। युवावस्था में ही वर्धमान ने आध्यात्मिक आनंद की प्राप्ति हेतु समस्त भौतिक संसाधनों को त्याग दिया था।

30 वर्ष की आयु में महावीर ने श्रामणी दीक्षा ली। अपरिग्रह तथा अहिंसा की साधना का कठोरता से पालन किया। अपने शरीर के निर्वाह के लिए भी महावीर ने किंचित मात्र भी वस्त्रों का संग्रह नहीं किया। भोजन भी वर्धमान स्वयं अपने हाथों पर ही कर लिया करते थे। महावीर ने 12 साल तक मौन तपस्या की। 42 वर्ष की आयु में इन्हें कैवल्य (सर्वोच्च ज्ञान) प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने उपदेश अर्धमागधी भाषा में दिए ताकि जन सामान्य भी उनके भाव को समझ सके तथा समस्त प्राणियों की आध्यात्मिक मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। जैन धर्म में तीर्थंकर शब्द का अर्थ है वे आत्माएं जो मानवीय पीड़ा और हिंसा से भरे इस सांसारिक जीवन को पार कर आध्यात्मिक मुक्ति के क्षेत्र में पहुंच गई हैं। महावीर जी ने इसी आध्यात्मिक मुक्ति के आनंद को साधना से अनुभूत किया था। इन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में लोगों को अहिंसा, सत्य, अचोर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जैसे सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रेरित किया। जैन धर्म में इन पांच सिद्धांतों को 'पंच महाव्रत' कहा जाता है।

'मनसा वाचा कर्मणा' जीवन में अहिंसा का पूर्ण रूप से पालन करना, सदैव सत्याचरण करना, चोरी न करना, इंद्रिय संयम का पालन करते हुए ब्रह्मचर्य के पथ पर चलना, भौतिक पदार्थ का अत्यधिक संग्रह न करना। इन सभी जीवन उपयोगी उपदेशों को महावीर जी ने जन सामान्य तक पहुंचाया। महावीर स्वामी अहिंसा के मूर्तिमान प्रतीक थे। उन्हें वीर, अतिवीर, सन्मति के नामों से भी पुकारा जाता है। महावीर जी ने श्रमण-श्रामणी, श्रावक -श्राविका सबको लेकर चतुर्विध संघ की स्थापना की। महावीर ने किसी के अस्तित्व को मिटाने की अपेक्षा उसे शांति से जीने दो तथा स्वयं भी शांति से जीवन व्यतीत करने का स्वर्णिम सूत्र दिया।

**'अहिंसा परमो धर्मः'** इनका आदर्श वाक्य था। स्वामी जी के उपदेश समस्त समाज के लिए कल्याणकारी हैं। उन्होंने नैतिकता, करुणा, सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने का दिव्य संदेश प्रदान किया।

# 1 अप्रैल से इन लोगों के PAN CARD हो जाएंगे बंद, जल्द से जल्द कर ले ये काम



अगर किसी व्यक्ति का पैन और आधार में सेम नाम या सामान्य नाम दर्ज नहीं है तो उसका पैन कार्ड बंद हो सकता है। इसके साथ ही उसे कई नुकसान जैसे टीडीएस अधिक देना पड़ेगा और इनकम टैक्स रिफंड क्लेम करने में भी परेशानी होगी। आज के समय में आधार और पैन कार्ड सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है। बल्कि ये हमारी जरूरत बन चुका है। लगभग हर काम में हमें इन दोनों की जरूरत पड़ती है। इनका इस्तेमाल करते रहने के लिए इन्हें समय रहते अपडेट करना भी उतना ही जरूरी है। 1 अप्रैल से अगर किसी व्यक्ति का पैन और आधार में सेम नाम या सामान्य नाम दर्ज नहीं है तो उसका पैन कार्ड बंद हो सकता है। इसके साथ ही उसे कई नुकसान जैसे टीडीएस अधिक देना पड़ेगा और इनकम टैक्स रिफंड क्लेम करने में भी परेशानी होगी। इसलिए अगर आपका नाम भी अलग-अलग है तो इसे वक्त रहते बदल लें। आपको केवल एक ही कार्ड में नाम बदलना होगा। हमने नीचे दोनों कार्ड में नाम बदलने का तरीका बताया है। आधार कार्ड से जुड़ी कोई भी डिटेल बदलने के लिए आपको केवल आधार ऐप की जरूरत है। इसके जरिए आप आधार से जुड़ी डिटेल्स आसानी से बदल सकते हैं।

**इन स्टेप्स को फॉलो कर सकते हैं-**

सबसे पहले अगर आधार ऐप फोन में नहीं है तो इसे प्ले स्टोर से डाउनलोड कर लें। इसके बाद अब रजिस्टर करने के बाद लॉगिन करें। आप आधार नंबर और ओटीपी के जरिए लॉगिन कर सकते हैं। अब यहां आपको अपडेट आधार ऑनलाइन का ऑप्शन दिखेगा, इस पर क्लिक करें। फिर आपको नाम वाले विकल्प पर क्लिक करना होगा। इसके बाद मांगे ए जरूरी दस्तावेज और डिटेल्स ध्यानपूर्वक भरें। लास्ट में आपको शुल्क भरकर सबमिट करना होगा। आपका अपडेटिड नाम कब तक शो होगा ये जानने के लिए आप स्टेटस वाले ऑप्शन पर क्लिक करके पता कर सकते हैं।

**PAN CARD में कैसे बदले नाम**

सबसे पहले NSDL या UTIITSL की वेबसाइट पर जाए अब यहां आपको Change/Correction in PAN वाले ऑप्शन पर जाना होगा। इसके बाद आपको अपनी बेसिक डिटेल्स जैसे पैन नंबर, नाम, जन्मतिथि और ईमेल दर्ज करना होगा। डिटेल्स दर्ज करने के बाद आपके लिए 15 अंकों का टोकन नंबर जनरेट होगा। इसके बाद जो डिटेल्स आपको बदलनी है उसे सिलेक्ट कर, चेंज कर लें। अगर डॉक्यूमेंट्स मांगे जाते हैं तो इसे अपलोड करें। अंत में आपको फीस भरकर सबमिट करना होगा। लास्ट में Acknowledgement स्लिप भी डाउनलोड कर लें। जिससे आप भविष्य में स्टेटस चेक कर सकते हैं।



# ISRO के दिग्गजों ने संभाली कमान, Surat में बन रहा देश का पहला Private Liquid Rocket

**इसरो के अनुभवी वैज्ञानिकों द्वारा स्थापित सूरत की कंपनी एक नया तरल ईंधन आधारित रॉकेट बना रही है, जो 500 किलोग्राम तक के उपग्रहों को लॉन्च करने में सक्षम होगा और भारत को वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में एक मजबूत प्रतिस्पर्धी बनाएगा।**

भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में एक नया और दिलचस्प नाम तेजी से उभर रहा है। सूरत से शुरू हुई एक निजी कंपनी भारत स्पेस व्हीकल अब देश के अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराने की दिशा में काम कर रही है। मौजूद जानकारी के अनुसार, साल 2024 में स्थापित इस कंपनी की खास बात यह है कि इसके संस्थापक दल में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अनुभवी वैज्ञानिक शामिल रहे हैं, जिनके पास दशकों का अनुभव रहा है। बता दें कि कंपनी अगस्थ्य-1 नाम का एक दो चरणों वाला रॉकेट विकसित कर रही है, जिसे छोटे उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए तैयार किया जा रहा है। यह रॉकेट तरल ईंधन तकनीक पर आधारित है, जो इसे देश के अन्य छोटे रॉकेटों से अलग बनाती है। गौरतलब है कि तरल ईंधन वाले रॉकेट को प्रक्षेपण से पहले पूरी तरह जांचा जा सकता है, जिससे जोखिम कम होता है और सफलता की संभावना बढ़ती है। मौजूद जानकारी के अनुसार, यह रॉकेट करीब 28 मीटर ऊंचा होगा और लगभग 500 किलोग्राम तक के उपग्रह को ध्रुवीय कक्षा में भेजने में सक्षम होगा। वहीं कम झुकाव वाली निचली कक्षा में यह 800 किलोग्राम तक का भार ले जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि छोटे उपग्रहों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह परियोजना भारत के लिए काफी अहम साबित हो सकती है। कंपनी के नेतृत्व की बात करें तो इसमें ऐसे वैज्ञानिक शामिल हैं जिन्होंने पहले देश के महत्वपूर्ण अंतरिक्ष अभियानों में योगदान दिया है। बता दें कि इस टीम में तरल प्रणोदन प्रणाली और प्रक्षेपण यान तकनीक के अनुभवी लोग शामिल हैं, जिन्होंने पहले भी बड़े स्तर की परियोजनाओं को सफल बनाया है। इसके साथ ही गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के कोडिनार इलाके में एक नए प्रक्षेपण केंद्र का प्रस्ताव भी सामने आया है। गौरतलब है कि अगर यह योजना आगे बढ़ती है तो भारत को पश्चिमी तट पर एक नया प्रक्षेपण विकल्प मिल सकता है, जिससे अंतरिक्ष मिशनों की क्षमता और बढ़ेगी।मौजूद जानकारी के अनुसार, नई अंतरिक्ष नीति 2023 के बाद निजी कंपनियों के लिए इस क्षेत्र में अवसर बढ़े हैं और अब कई स्टार्टअप इस दिशा में काम कर रहे हैं। ऐसे में यह पहल भारत को वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में और मजबूत बना सकती है और कम लागत में उपग्रह प्रक्षेपण की दिशा में नई राह खोल सकती है।

# UIDAI का नया My Contact Card फीचर, ऐसे मिनटों में शेयर करें कॉन्टैक्ट डिटेल्स




कुछ समय पहले लॉन्च की गई ँadhaar App में अब My Contact Card नाम का नया फीचर जोड़ा गया है। यह फीचर यूजर्स को अपनी पहचान से जुड़ी जरूरी कॉन्टैक्ट जानकारी को सरल और सुरक्षित तरीके से साझा करने की सुविधा देता है। जब कोई यूजर इस फीचर का इस्तेमाल करता है, तो ऐप एक कोड तैयार करती है। आज के डिजिटल दौर में पहचान और कॉन्टैक्ट डिटेल्स साझा करना आम बात हो गई है। कई बार होटल, ऑफिस, डिलीवरी या अन्य सेवाओं के लिए लोगों से उनकी व्यक्तिगत जानकारी मांगी जाती है। ऐसे में पूरा आधार नंबर साझा करना कई बार जोखिम भरा भी हो सकता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए Unique Identification Authority of Indi ने आधार ऐप में एक नया और उपयोगी फीचर जोड़ा है, जिसका नाम My Contact Card है। इस फीचर की मदद से अब यूजर अपनी वेरिफाइड कॉन्टैक्ट डिटेल्स को QR कोड के जरिए सुरक्षित तरीके से साझा कर सकते हैं। इससे न सिर्फ प्रक्रिया आसान हो जाती है, बल्कि यूजर की निजी जानकारी भी सुरक्षित रहती है।

**क्या है My Contact Card फीचर?**

कुछ समय पहले लॉन्च की गई Aadhaar App में अब My Contact Card नाम का नया फीचर जोड़ा गया है। यह फीचर यूजर्स को अपनी पहचान से जुड़ी जरूरी कॉन्टैक्ट जानकारी को सरल और सुरक्षित तरीके से साझा करने की सुविधा देता है। जब कोई यूजर इस फीचर का इस्तेमाल करता है, तो ऐप एक ँकोड तैयार करती है। सामने वाला व्यक्ति इस QR कोड को स्कैन करके यूजर की वेरिफाइड जानकारी जैसे नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल और पता अपने फोन में आसानी से सेव कर सकता है। सबसे खास बात यह है कि इसमें जानकारी सीधे आधार सिस्टम से वेरिफाइड होती है, इसलिए फर्जी या गलत जानकारी की संभावना लगभग खत्म हो जाती है।

**क्यों जरूरी था यह नया फीचर?**

आज के समय में कई जगहों पर लोगों से आधार नंबर या पहचान से जुड़ी जानकारी मांगी जाती है। लेकिन हर जगह आधार नंबर देना जरूरी नहीं होता। कई बार सिर्फ संपर्क जानकारी देने से ही काम हो जाता है। ऐसी स्थिति में पूरा आधार नंबर साझा करना डेटा प्राइवेसी के लिहाज से सही नहीं माना जाता। अगर किसी गलत व्यक्ति के हाथ में आधार नंबर पहुंच जाए तो उसके गलत इस्तेमाल की आशंका बढ़ जाती है। इसी समस्या का समाधान My Contact Card फीचर के रूप में सामने आया है। इसके जरिए यूजर अपनी जरूरत के अनुसार केवल आवश्यक जानकारी ही साझा कर सकते हैं। इससे उनकी निजी पहचान सुरक्षित रहती है और डेटा लीक होने का खतरा भी कम हो जाता है।

**इस फीचर के फायदे**

My Contact Card फीचर कई मायनों में उपयोगी साबित हो सकता है।

**1. सुरक्षित डेटा शेयरिंग:** यूजर को पूरा आधार नंबर साझा करने की जरूरत नहीं पड़ती।

**2. वेरिफाइड जानकारी:** जो भी जानकारी शेयर होती है वह आधार डेटाबेस से प्रमाणित होती है।

**3. आसान प्रक्रिया:** सिर्फ QR कोड स्कैन करके सामने वाला व्यक्ति आपकी डिटेल्स सेव कर सकता है।

**4. यूजर के पास पूरा कंट्रोल:** कौन-सी जानकारी शेयर करनी है और किसके साथ करनी है, इसका पूरा नियंत्रण यूजर के हाथ में रहता है।

**5. डेटा प्राइवेसी की सुरक्षा:** यह फीचर डिजिटल पहचान को सुरक्षित बनाने में मदद करता है।

**My Contact Card फीचर का इस्तेमाल कैसे करें?**

अगर आप भी इस फीचर का लाभ उठाना चाहते हैं तो सबसे पहले आपके स्मार्टफोन में आधार ऐप होना जरूरी है और उसमें आपका लॉग-इन होना चाहिए। इसके बाद आप आसानी से इस फीचर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**स्टेप-बाय-स्टेप तरीका:**

1. सबसे पहले अपने फोन में आधार ऐप खोलें और लॉग-इन करें।
2. ऐप खुलने के बाद स्क्रीन को नीचे से ऊपर की ओर स्वाइप करें।
3. यहां आपको कई सर्विसेज दिखाई देंगी।
4. ऍीन्मे सेक्शन में My Contact Card का विकल्प मिलेगा।
5. इस विकल्प पर टैप करते ही आपका QR कोड स्क्रीन पर दिखाई देगा।
6. अब सामने वाला व्यक्ति इस QR कोड को स्कैन करके आपकी वेरिफाइड कॉन्टैक्ट डिटेल्स प्राप्त कर सकता है।
7. चाहें तो QR कोड के नीचे दिए Share बटन पर टैप करके इसे किसी अन्य ऐप के जरिए भी भेज सकते हैं।

**डिजिटल पहचान को और सुरक्षित बनाएगा यह फीचर**

डिजिटल इंडिया के बढ़ते दौर में लोगों की पहचान और डेटा सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन चुका है। ऐसे में My Contact Card जैसे फीचर यूजर्स को अपनी निजी जानकारी पर बेहतर नियंत्रण देने का काम करते हैं। यह फीचर न सिर्फ संपर्क जानकारी साझा करने की प्रक्रिया को आसान बनाता है, बल्कि डिजिटल पहचान को भी ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद बनाता है। आने वाले समय में ऐसे फीचर्स डिजिटल सेवाओं को और ज्यादा सुरक्षित तथा उपयोगकर्ता-अनुकूल बना सकते हैं।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
Neelam stone, Pokhraj stone, Panna stone, Manik stone, Moonga stone, Opal stone, Lahsuniya stone, Firoza stone, Garnet Stone, Diamond stone
1 Mukhi Rudraksh, 7 Mukhi Rudraksh, Trijugi Rudraksh, 9 Mukhi Rudraksh, 12 Mukhi Rudraksh, 14 Mukhi Rudraksh, 21 Mukhi Rudraksh, Ganesh Rudraksh, Gauri Shankar Rudraksh
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682